अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 14 नवंबर 2022
मार्गशीर्ष कृष्ण-षष्ठी
विक्रम संवत-2079

PAGE NO : 04 TOP

नागालैंड पर उत्तर प्रदेश ने पारी और 110 रन से हासिल की जीत

कूच बिहार टेस्ट ट्रॉफी : नागालैंड की टीम पहली पारी में 116 और दूसरी पारी में 93 पर ढेर

संवाद न्यूज एजेंसी

मैच जीतने के बाद प्रसन्नमुद्रा में यूपी टीम के खिलाड़ी और यूपीसीए के अधिकारी। संवाद

बरेली। पहले दिन बल्ले से प्रहार करने के बाद दूसरे दिन विराट जायसवाल ने अपनी शानदार गेंदबाजी से प्रभावित किया। विराट ने दोनों पारी में आठ विकेट चटकाए। नागालैंड के बल्लेबाज उनकी घातक गेंदबाजी के आगे घुटने टेकते नजर आए। उत्तर प्रदेश की टीम ने मुकाबला एक पारी और 110 रन से जीत लिया।

कूच बिहार टेस्ट ट्रॉफी में पूल डी का उत्तर प्रदेश और नागालैंड के बीच मुकाबला एकतरफा रहा। बरेली के एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर पहली बार हो रहे बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट के मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 319 का स्कोर खड़ा किया था। प्रशांत बीर ने 97 गेंदों में शानदार 98 रन की पारी खेली। कप्तान आदर्श सिंह ने 85 रन का योगदान दिया। जवाब में खेलने उतरी नागालैंड की टीम ने पहले दिन के अंत तक चार विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाए। दूसरे दिन के खेल की शुरुआत से ही उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों ने नागालैंड पर दबाव बनाए रखा। पूरे दिन में 16 विकेट लिए। इनमें से सात विकेट अकेले विराट जायसवाल ने लिए। पहली पारी में नागालैंड की टीम ने तकरीबन हर दस रन पर एक विकेट गवां दिया। इसके चलते टीम 116 रन पर ढेर हो गई। शिवम उज्ज्वल ने 12.5 गेंदों में मात्र 20 रन देकर चार विकेट लिए। सबसे किफायती गेंदबाजी विराट ने की। उन्होंने छह ओवर में नौ रन देकर तीन विकेट लिए। आसिफ अली ने भी तीन खिलाड़ियों को आउट किया।

फॉलोऑन बचाने में नाकाम रही नागालैंड को फिर बल्लेबाजी करने उतरना पड़ा। टीम दूसरे ओवर से ही लड़खड़ाने लगी। कप्तान युगांधर (22) और सुजल प्रसाद (24) ने ही केवल दहाई का आंकड़ा छुआ। सर्वाधिक 33 रन की साझेदारी मुघावी सुमी (9) और सुजल प्रसाद की बीच हुई। विराट जायसवाल ने इस पारी में भी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया और 9.5 ओवर में 24 रन देकर पांच खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। आसिफ और प्रशांत ने दो-दो विकेट चटकाए। शानदार बल्लेबाजी के साथ ही घातक गेंदबाजी के चलते यूपी की टीम ने एक पारी और 110 रन से बड़ी जीत हासिल की। टीम 13 अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। यूपी की टीम का अगला मुकाबला 19 नवंबर को कोटा में राज्यस्थान की टीम से होगा। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विराट जायसवाल को दिया। बीसीए के अध्यक्ष सरफराज वली खां, सचिव सीताराम सक्सेना, आयोजन समिति के सचिव मनीष सिंह ने खिलाड़ियों और पदाधिकारियों को सम्मानित किया।